AL KHOZAMA INTERNATIONAL SCHOOL, DAMMAM
B.E.S.T. Group of Schools, K.S.A.

Affiliated to CBSE – New Delhi, Affiliation No: 5730019

WORKSHEET-1

TERM-3 2022-23

SUBJECT: HINDI SL

GRADE: 8

1.दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

आज से करीब डेढ़ हज़ार साल पहले चीन में बारूद का अविष्कार हुआ। फिर ईसा की ग्यारहवीं सदी में चीनियों ने रॉकेट भी बनाए। लगभग इसी समय भारत को भी बारूद की जानकारी मिली। भारत को यह जानकारी या तो चीनी कामगारों से मिली या फिर भारतीय बंदरगाहों पर पहुँचने वाले चीनी व्यापारियों से। आज भी आतिशबाजी के पटाखों का सबसे अधिक प्रयोग दक्षिण भारत में ही होता है। रॉकेट का भी अधिक इस्तेमाल दक्षिण भारत के युद्धों में हुआ है। रॉकेट के लिए लोहे के खोलो का इस्तेमाल भी भारत की खोज माना जाता है।

I. बारूद का अविष्कार निम्नलिखित में से किस देश में हुआ था?

(क) भारत (ख) चीन (ग)रूस (घ) अमेरिका

II. भारत को बारूद की जानकारी कब मिली ?

(क) ग्यारहवीं शताब्दी में (ख) बारहवीं शताब्दी में

(ग) तेरहवी शताब्दी में (घ)दसवीं शताब्दी में

III. आतिशबाज़ी के पटाखों का अधिकतर उत्पादन किन राज्यों में होता है?

(क) पूर्वोत्तर के राज्यों में (ख) उत्तर भारतीय राज्यों में

(ग) दक्षिण भारतीय राज्यों में (घ)इनमें से कहीं नहीं

2. मूल शब्द, उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए ।

अनुचित - ________________________________ संतोष ----------------------

निश्चित -____________________________________अवगुण --------------------

आर्थिक -____

अपमान -____

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

स्त्री ------------------- जीवित ---------------अपराधी --------------------------

हिंसा - ------------------- शुभ --------------------प्रातःकाल ---------------

4. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें की अर्थ स्पष्ट हो जाए -

दिल धडकना --

झड़ी लगाना --

आग बबूला होना --

गोद सुनी करना---

भुलावे में आना --

----

5. अनेकार्थी शब्द लिखिए -

सोना ------------------- राशि ------------दल---------------- शेष ------------

कर ------------------- मन----------------

6. पर्यायवाची शब्द लिखिए -

संवाद ---------- ------------ लालसा ---------- ----------तलवार------------ ---------

कन्या ---------- ----------किरण ------- -----------

7. निम्नलिखित वाक्यों में कौनसा वाक्य **सरल ,संयुक्त,और मिश्र है** ?

i. तुम प्राण करो कि जननी जन्मभूमि को पराधीन होते देखने के पहले तुम सदा के लिए अपनी आँखें बंद कर लोगी |

ii. जिस सेना ने तुम्हारे पिता, भाई, पुत्र और पति की हत्या की है, वह तुम्हारे सामने कड़ी है |

iii.कलिंग आज भी जीता नहीं जा सका है |

iv.रीटा खाना खा रही है ।

v. सोनम गा रही है और मोना खेल रही है ।

vi.जब सीता आई तब रीना वहां से चली गयी ।

8.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(क)-बादशाह का क्या हुकुम था? उसका हुक्म किसने तोडा ?

(ख)- अनपढ़ नौकरानी ने कौन सी सीख किस प्रकार दी?

(ग)- कवियत्री किसे एक सुनहली किरण देने के लिए कह रही हैं ?

(घ)- लेखक ने ग्रीस के महान संत सुकरात के किस विचार का उल्लेख किया है?-----------------

----

(ड़)-अशोक किनके साथ युद्ध नहीं करना चाहता था और क्यों ?

च) लेखक ने दुनिया को 'काँच के महल' जैसी क्यों कहा है?

छ) बादशाह के सिपाहियों ने किस पैर गोली चला दी और क्यों ?

<u>9.आशय सपष्ट कीजिए -</u>

शहद की एक बूँद ज्यादा मक्खियों को आकर्षित करती है,बजाय एक सेर ज़हर के |

मौन कर्म में निरत ,

बद्ध पिंजर में व्याकुल,

भूल गया जो दुःख जतलाने वाली भाषा,

उसको भी वाणी के कुछ क्षण दे दो |

AL KHOZAMA INTERNATIONAL SCHOOL, DAMMAM
B.E.S.T. Group of Schools, K.S.A.

Affiliated to CBSE – New Delhi, Affiliation No: 5730019

WORKSHEET -2

TERM-3: 2022-23

SUBJECT: HINDI SL

GRADE: 8

अपने देश की सीमाओं की दुश्मन से रक्षा करने के लिए मनुष्य सदैव सजग रहा है। प्राचीन काल में युद्ध क्षेत्र सीमित होता था तथा युद्ध धनुष-बाण, तलवार, भाले आदि द्वारा होता था, परंतु आज युद्धक्षेत्र सीमाबद्ध नहीं है। युद्ध में अंधविश्वास से हटकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। आज विज्ञान ने लड़ाई को एक नया मोड़ दिया है। अब हाथी, ऊँट, घोड़ों का स्थान रेल, मोटरगाड़ियों और हवाई जहाजों ने ले लिया है। धनुष-बाण आदि का स्थान बंदूक व तोप की गोलियों और रॉकेट, मिसाइल, परमाणु तथा प्रक्षेपास्त्रों ने ले लिया है और उनके अनुसार राष्ट्र की सीमाओं के प्रहरियों में अंतर आया है।

अब मानव प्रहरियों का स्थान बहुत हद तक यांत्रिक प्रहरियों ने ले लिया है जो मानव से कहीं अधिक सजग, त्रुटिहीन और क्षमतावान् हैं। आधुनिक प्रहरियों में रेडार, सौनार, लौरान, शौरान आदि विशेष उल्लेखनीय हैं। यहाँ रेडार का वर्णन किया जाता है।

रेडार का उपयोग द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रारंभ हुआ। 'रेडार' शब्द 'रेडियो डिटेक्शन एंड रेंजिंग के प्रथम अक्षरों से बना है। इसका अर्थ यह भी है कि किसी भी रेडार से एक निश्चित क्षेत्र के अंदर ही वायुयान की स्थिति ज्ञात की जा सकती है। यदि जहाज उस 'रेंज' से बाहर है तो पता नहीं लगाया जा सकता। रेडार एक अति लाभदायक व महत्त्वपूर्ण प्रहरी है, जिसमें विद्युत चुंबकीय तरंगों की मदद से उड़ते हुए शत्रु के विमानों की सही स्थिति का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

क)प्राचीन काल और आज के युद्ध में क्या अंतर है?

(ख) विज्ञान की लड़ाई ने कैसा मोड़ लिया है?

(ग) मानव प्रहरियों का स्थान अब किसने ले लिया है?

(घ) ‘रेडार’ का मुख्य रूप से क्या प्रयोग है?

(ङ) ‘त्रुटिहीन’ शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

2.नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 30-40 शब्दों में कीजिए ।

संवाद लेखन – 1.फल वाले और ग्राहक के बीच संवाद लिखिए -

-

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx -------------xxxxxxxxxxxxxxxxxx ---------xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx